दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-247 वीरवार 07 सितंबर, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज के छात्रों ने नशा-मुक्ति व पर्यावरण सुरक्षा के लिए जलाई अलख

**बल्लभगढ़, 06 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे साइक्लोथोन अभियान के अंतर्गत




अग्रवाल कॉलेज के लगभग 50 छात्रों को साइक्लीथोन रैली में भाग लेने अनाज मंडी बल्लबगढ़ के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व अपने संबोधन में कहा कि यह रैली पर्यावरण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए एक पहल है। छात्र निर्धारित रूट से होकर अनाज मंडी बल्लबगढ़ में एकत्रित हुए। गौरतलब है कि इस साइक्लोथोन रैली संपूर्ण हरियाणा में चलाई जाएगी जिसकी शुरूआत 1 सितंबर को हरियाणा के करनाल जिले में की गई और इसका समापन भी 25 सितंबर को करनाल में ही किया जाएगा। वास्तव में यह रैली पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति का संदेश संपूर्ण भारत व हरियाणा में फैला रही है। इस छात्रों में अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य के साथ महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ० योगेश गोयल, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगवीर सिंह व प्राचार्य सुवेश पांडे (अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन) उपस्थित रहे।